**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment, Property, Business Opportunity, Vehicles, Announcements, Antiques & Collectables, Barter, Books, Computers, Domain Names, Education, Miscellaneous

Entertainment & Event, Hobbies & Interests, Services, Jewellery & Watches, Music, Obituary, Pets & Animals, Retail, Sales & Bargains, Health & Sports, Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**




पदयात्रा में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता।

# कांग्रेस ने निकाली 'संविधान बचाओ–भारत बचाओ' पदयात्रा

**पदयात्रा**

## मोदी सरकार को जमकर कोसा, देश में अराजकता एवं दहशत का माहौल

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस द्वारा शनिवार को राजधानी देहरादून में 'संविधान बचाओ–भारत बचाओ' पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा मोदी सरकार को जमकर कोसा गया। कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार में देश के संविधान के विरूद्ध निर्णय लिए जा रहे हैं। इससे पूरे देश में अराजकता एवं दहशत का माहौल है। आम आदमी विषेशकर महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं तथा हर ओर भय का वातावरण बना हुआ है।

यह पदयात्रा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। पदयात्रा कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय से शुरु हुई, जो कि गांधी पार्क, घंटाघर, पलटन बाजार, राजा रोड होते हुए वापस कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर संपन्न



राजधानी में निकाली गई कांग्रेस की पदयात्रा में शामिल प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह व अन्य।

हुई। इस मौके पर आयोजित सभा को नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश, कांग्रेस सह प्रभारी राजेश धर्माणी, पूर्व मंत्री शूरवीर साजवाण, हीरा सिंह बिष्ट, किशोर उपाध्याय, विधायक ममता राकेश, करण माहरा, पूर्व विधायक राजकुमार, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सरिता आर्य, महानगर अध्यक्ष लालचन्द ने आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बेरोजगारी का आलम यह है कि जिन युवाओं के पास नोटबंदी से पहले रोजगार था आज वे भी बेरोजगार हो चुके हैं। मंदी के मारे लोगों के व्यापार ठप हो चुके हैं। साहूकारों के कर्ज से दबे किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं। भाजपा सरकार में गरीब, अल्पसंख्यक, किसान महिलाए अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके बाद कांग्रेस की पदयात्रा राजपुर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय राजीव भवन से रवाना हुई।

पदयात्रा में प्रदेश महामंत्री नवीन जोषी, गोदावरी थापली, प्रदेष सचिव दीप बोहरा, सुनेद्र सुषान्त बोहरा, सागर लाम्बा, उर्मिला थापा, सुरेंद्र पुण्डीर, दीप चौहान, रवीन्द्र खरोला, विकास थापा, अर्जुन सोनकर, महानगर प्रवक्ता डा प्रतिमा सिंह, गौरव गुलेरिया, डा अरविन्द चौधरी, प्रियाषु छाबडा, कपिल, सतीष, पवन, विनोद, गोपाल, मुकेष, भूपेंद्र नेगी समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कांग्रेस की पदयात्रा के दौरान शहर में जगह–जगह पर जाम लग गया, जिस कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस दौरान भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। मार्च को देखते हुए कई रुटों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया था।

## न्यूज डायरी

### 20 ग्राम स्मैक संग दो गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने बीस ग्राम स्मैक बरामद की है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। नेहरू कालोनी एसओ दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि मादक पदार्थ की डिलीवरी करने के लिए दो युवक बरेली से दून आ रहे है। आरोपी बस से दून पहुंच रहे हैं। इस सूचना पर चौकी प्रभारी जोगीवाला प्रवीण पुंडीर समेत पुलिस टीम ने रिंग रोड के समीप चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक पैदल आते पुलिस को दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली। तलाशी लेने पर उसके पास से बीस ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि स्मैक की कीमत करीब एक लाख रुपये हैं।

### दून की भिंडी का अध्ययन करेंगे पंतनगर विवि के विशेषज्ञ

**संवाददाता** देहरादून। दून में उगाई गई अनोखी भिंडी का पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ अध्ययन कर किसानों की आय में बढोतरी के लिए विकसित करेंगे। शनिवार को डॉ. जयन्ती प्रसाद नौटियाल ने विवि के डॉ. प्रो. विके सिंह को भिंडी का बीज सौंपा। नौटियाल ने बताया कि सामान्य भिंडी की तुलना में यह भिंडी बिल्कुल अलग है। विष्णुलोक कालोनी, तपोवन रोड निवासी डॉ. जयन्ती प्रसाद नौटियाल ने अपने घर में यह अनोखी भिंडी उगाई है। पौधे की लंबाई 20 सेमी. से अधिक है। जबकि सामान्य भिंडी के पौधे की लंबाई 7 से 8 सेमी. होती है। नौटियाल ने बताया कि अनोखे भिंडी के पौधे में लगभग 150 भिंडियां लगती है। जिनका वजन छह किलोग्राम तक होता है। जबकि सामान्य भिंडे के पौधे में लगने वाली 10 से 15 भिंडियों का वजन 600 ग्राम तक ही होता है। उन्होंने बताया कि भिंडी के अध्ययन के संबंध में उन्होंने ई–मेल के जरिए विवि के विशेषज्ञों से संपर्क किया था।

### एसजीआरआर कॉलेज से पकड़ा जहरीला सांप

**संवाददाता** देहरादून। पथरीबाग स्थित एसजीआरआर पीजी कॉलेज परिसर से वन विभाग की टीम ने जहरीला रैट सांप पकड़ जंगल में छोड़ दिया। शनिवार दोपहर जहरीला कॉलेज परिसर में घुस गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने सांप को पकड़ आशारोड़ी के जंगल में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम इंचार्ज रवि जोशी ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन की ओर से सांप घुसने की सूचना दी मिली थी। घंटों की मशक्कत के बाद टीम ने सांप को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि करीब छह फुट लंबा रैट सांप बहुत जहरीला होता हैं।

# पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए 'मिशन खुशियां उचित माध्यमः सीएम

**लोकार्पण**

ऊधम सिंह नगर। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शनिवार को रामलीला मैदान सितारगंज में मिशन खुशियां फेज–2 एवं एप्प के लोकार्पण कार्यक्रम को मोबाईल फोन से सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गरीब लोगों को सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी जा रही हैं वह पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए मिशन खुशियां उचित माध्यम है। इस अभियान में सर्वे के तहत जिन पात्र व्यक्तियों को अभी तक योजनाओं का लाभ नही मिल पाया है उन्हें योजनाओं का लाभ अब जिला प्रशासन द्वारा इस योजना के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा, इसके लिए उन्होंने डीएम के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी को नये साल की शुभकामनाएं व बधाई भी दी।

ज्ञातव्य है कि इन योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री को करना था किन्तु घने कोहरे के कारण उनका हैलीकाप्टर सितारगंज हैलीपेड पर नहीं उतर पाया। इसलिए उन्होंने कार्यक्रम को मोबाईल फोन के माध्यम से संबोधित किया। रामलीला मैदान सितारगंज मे मिशन खुशियां फेज–2 एवं एप्प का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक सौरभ बहुगुणा एवं जिलाधिकारी डा. नीरज खैरवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विधायक बहुगुणा ने कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर में सरकार की सोच को धरातल पर उतारा है यह एक बडा कार्य है। उन्होंने इस कार्य के सर्वे के लिए आंगनबाडी व आशा कार्यकत्रियों का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीएम डा. नीरज खैरवाल ने बताया मिशन खुशियां कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिला प्रशासन व जिम्मेदारी फाउन्डेशन के सहयोग से जनपद में 18 लाख लोगों का भौतिक सर्वे किया गया।

# ईईएसएल ने आयोजित की लैंगिक संवेदना जागरूकता कार्यशाला

**संवाददाता** टिहरी गढ़वाल। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत सार्वजनिक उद्यमों के साझा उपक्रम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ने अपने कारपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत तौलधार मंजाफ गांव, प्रतापनगर, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखंड में स्थित इंटर कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।

दिल्ली से संचालित गैर लाभकारी संगठन उदंगकार जन कल्याण फाउंडेशन की साझेदारी में ईईएसएल ने यह कार्यशाला छात्राओं और शिक्षकों को मासिक धर्म संबंधी सावधानियों और सही तौर–तरीकों व लैंगिक समानता के बारे में जागरूक करने के लिए आयोजित की।

इस दौरान हुई चर्चा में एक मुख्य बिंदू था लड़कियों का मासिक स्वास्थ्य जिस पर एक सत्र के माध्यम से विचार किया गया ताकि इसके आने और इससे जुड़ी असुविधाओं से लड़कियां कैसे निपट सकती हैं यह समझने में मदद पहुंचाई जाए। छात्राओं को सलाह दी गई कि वह पौष्टिक भोजन लें और सही सैनिट्री नैपकिन का उपयोग करें। स्त्री स्वछता को बढ़ावा देते हुए, ईईएसएल ने प्रत्येक छात्रा को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सैनिट्री नैपकिन का पैक उपलब्ध करवाया जो छह महीने की अवधि के लिए पर्याप्त हैं।